बिहार सरकार

अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग

सं0सं0–3 / निदे0बि0वि0प0(तारां0)69–25 / 2024– 4093

प्रेषक,

गौतम पासवान भा0प्र0से0,

सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

सचिव,
भवन निर्माण विभाग,
बिहार, पटना ।

पटना, दिनांक–16/07/2024

विषय–श्री भीष्म सहनी, माननीय स0वि0प0 द्वारा आगामी 207वें सत्र में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं0–1/207/306 के संबंध में।

प्रसंग– बिहार विधान परिषद् से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–1/207/306 दिनांक–08.07.2024

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र बिहार विधान परिषद् से श्री भीष्म सहनी, माननीय स0वि0प0 द्वारा पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं0–1/207/306 प्राप्त हुआ है, जो प0 चम्पारण जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड के ग्राम–मधुबनी में अनु0 जाति एवं जनजाति छात्रावास के उत्क्रमण हेतु कराये जा रहे कार्य के जाँच से संबंधित है।

2. वस्तुस्थिति यह है कि इस योजना की स्वीकृति विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–159 दिनांक–12.03.2021 द्वारा दी गई है, जिसके लिए कार्यान्वयन एजेंसी बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना नामित है एवं प्राक्कलित राशि ₹1707.06 लाख है। निगम से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुए विद्यालय प्रशासन को हस्तांतरित किया जा चुका है एवं छात्रावास का निर्माण का कार्य ग्रामीणों के विरोध के कारण नहीं कराया गया है। (छायाप्रति संलग्न)

3. प्रश्नगत विद्यालय/छात्रावास निर्माण का प्रश्न गुणवत्ता से संबंधित है। कार्यान्वयन एजेंसी भवन निर्माण विभाग के नियंत्रणाधीन है एवं भवनों के निर्माण की गुणवत्ता की जाँच आपके विभाग से संबंधित है।

अतः विषयांकित प्रश्न की प्रति हस्तांतरित करते हुए अनुरोध है कि मामले की जाँच कराते हुए वांछित उत्तर बिहार विधान परिषद् सचिवालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

16.7.24

सरकार के अपर सचिव

vidhan sabha letter 2024

ज्ञापांक–3/निदे0बि0वि0प0(तारां0)69–25/2024– 4093 पटना, दिनांक– 16/07/2024

प्रतिलिपि–प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार विधान परिषद् सचिवालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक–3/निदे0बि0वि0प0(तारां0)69–25/2024– 4093 पटना, दिनांक–16/07/202

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–05जी0, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव